
# Page Three
# Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## न्यूज डायरी

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर जिलाधिकारी को किया टोकन फ्लैग्स भेंट

**संवाददाता** हरिद्वार। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर ले.कर्नल चक्रधर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय हरिद्वार के कर्मचारियों तथा 31 उत्तराखण्ड एनसीसी बटालियन के एनसीसी कैडेटस द्वारा जिलाधिकारी हरिद्वार दीपेन्द्र चौधरी को टोकन फ्लैग्स भेंट किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय हरिद्वार सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसम्बर 2019 को बडे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के कर्मचारियों के द्वारा टोकन फलैग्स, कार स्टीकर्स एवं लापेल पिन्स समस्त सरकारी कार्यालयों, औद्योगिक संगठनों, व्यवसायिक संस्थानों स्कूलों कालेजों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थानों जैस बस स्टैड़, रेल्वे स्टेशन, हर की पैडी आदि स्थानों पर वितरित किये गये।

### होम स्टे एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**संवाददाता** भवाली। होम स्टे एसोसिएजन के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें होम स्टे संचालन में आ रही व्यवहारिक परेजानियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। रानीखेत रोड स्थित एक होटल में शजि उनियाल की अधयक्षता में व्यसायियों ने कहा कि प्रदेज सरकार की यह योजना रोजगार के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन बैंकों व सरकार की उपेक्षा के चलते इस योजना का लाभ लोगों को पूरी तरह नही मिल पा रहा है। सदस्यों का कहना है कि होम स्टे योजना प्रदेज वासियों के लिए अच्छी है जरुरत है कि सरकार इस योजना में आने वाली व्यवहारिक परेजानियों को दूर करे और बैंक, व्यवसायियों को लोन देने के लिए कागजी औपचारिकता में जोर दे रहे हैं। वक्ताओं ने सरकार से अपील की कि सरकार इस बारे में बैंको को भी विश्वास में लेकर इस परियोजना को आगे बढ़ाने में पहल करे।

### सवाड़ में अमर शहीद सैनिक मेला शुरू

**(संवाददाता)** देवाल। सैनिक बाहुल्य गांव सवाड़ में 12वां अमर शहीद सैनिक मेले का उद्घाटन सैनिक कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि सीपी नौटियाल ने प्रथम विश्व युद्ध के 22 सैनिकों को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देकर किया। दो दिवसीय अमर शहीद मेले का उद्घाटन करते हुए सीपी नौटियाल ने कहा कि सवाड़ का अपना गौरवमयी इतिहास है और गांव के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा के लिए पहला कदम बढ़ाया है। मेला संस्थापक इंद्र सिंह बिहारी ने गांव के सैन्य इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखंड के चमोली स्थित दूरस्थ देवाल विकासखंड में सवाड़ ऐसा गांव है जहां के युवा देश सेवा में अपनी कुर्बानी देने के लिए सदैव तैयार रहते हैं।



**इन्हें मिले सम्मान**

स्वार्ड ऑफ ऑनर व स्वर्ण पदक –विनय विलास गरड़।
रजत पदक – पीकेंद्र सिंह।
रजत पदक (टीजी) – शिवराज सिंह।
कांस्य पदक – ध्रुव मेहला।
सर्वश्रेष्ठ विदेशी कैडेट – कुएंजंग वांगचुक भूटान।
चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर – केरन कंपनी।



### पासआउट होने वाले कैडेटों का राज्यवार आंकड़ा

**प्रदेश–कैडेट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तरप्रदेश | – 56 | तेलंगाना | – 05 |
| हरियाणा | – 39 | मणिपुर | – 04 |
| बिहार | – 24 | झारखंड | – 04 |
| राजस्थान | – 21 | चंडीगढ़ | – 04 |
| उत्तराखंड | – 19 | गुजरात | – 04 |
| हिमाचल प्रदेश | –18 | असम | – 02 |
| महाराष्ट्र | – 19 | उड़ीसा | – 01 |
| दिल्ली | – 16 | मिजोरम | – 01 |
| पंजाब | – 11 | सिक्किम | – 01 |
| मध्य–प्रदेश | – 10 | (दो कैडेट नेपाल के) | |
| केरल | – 10 | | |
| तमिलनाडु | – 09 | | |
| जम्मू–कश्मीर | – 06 | | |
| कर्नाटक | – 07 | | |
| पश्चिम बंगाल | – 06 | | |
| आंध्र प्रदेश | – 06 | | |

# भारतीय सेना का अंग बने 306 जेंटलमैन कैडेट्स


**आईएमए पीओपी**

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ली परेड की सलामी

**संवाददाता**

देहरादून। भारत माता तेरी कसम, तेरे रक्षक बनेंगे हम। आइएमए गीत पर कदमताल करते जेंटलमैन कैडेट ड्रिल स्क्वायर पहुंचे, तो लगा कि कोई विशाल सागर उमड़ आया है। एक साथ उठते कदम और गर्व से तने सीने दर्शक दीर्घा में बैठे हरे शख्स के भीतर ऊर्जा का संचार कर रहे थे।

शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) में अंतिम पग भरते ही 306 नौजवान भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इसके साथ ही 71 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि पासिंग आउट परेड का रिव्यू करते मुझे बेहद खुशी हो रही है। क्योंकि आज भारतीय सेना की गौरवशाली परम्परा की नयी कड़ी को जुड़ते हुए मैं प्रत्यक्ष देख रहा हूं। अपने नपे तुले और सधे कदमों से कदमताल करते कैडेटों में सुरक्षित



आईएमए में पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

और सुनहरे भारती की तस्वीर दिख रही है। सुबह 08 बजकर 45 मिनट पर मार्कर्स कॉल के साथ परेड का आगाज हुआ। कंपनी सार्जेंट मेजर रोनिश कुमार, हर्षित मिश्रा, संजय सिंह, शिवकुमार सारंग, मंजिल राय, विश्वन काटल, सबा उमा महेश व सत्यम पंत ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी–अपनी जगह ली। 8 बजकर 50 मिनट पर एडवास कॉल के साथ ही छाती ताने देश के भावी कर्णधार असीम हिम्मत और हौसले के साथ कदम बढ़ाते परिमल पराशर के नेतृत्व में परेड के लिए पहुंचे। परेड कमांडर विनय विलास गरड़ ने ड्रिल स्क्वायर पर जगह ली। कैडेट्स ने शानदार मार्चपास्ट से दर्शक दीर्घा में बैठे हर शख्स को मंत्रमुग्ध किया।

इधर, युवा सैन्य अधिकारी अंतिम पग भर रहे थे, तो आसमान से हेलीकाप्टरों के जरिए उन पर पुष्प वर्षा हो रही थी। रक्षा मंत्री ने कैडेटों को ओवरऑल बेस्ट परफारमेंस व अन्य उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा। उन्होंने कहा इस पूरी ड्रिल में कैडेटों की मेहनत व लगन के साथ ही प्रशिक्षण का प्रतिबिंब भी साफ–साफ दिख रहा है। कदम से कदम और कंधे से कंधा मिलाकर चलने की यह काबिलियत किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होती है। यही काबिलियत हमारी सशस्त्र सेनाओं को मजबूत भी बनाती है।

भारतीय सैन्य अकादमी, भारत की उस शौर्य परम्परा से जुड़ी हुई है जिसने हमें देश और समाज के मान–सम्मान व स्वाभिमान के लिए मरते दम तक बलिदान देने की प्रेरणा दी है। कैडेटों से कहा कि जितना गर्व आपको अपनी वर्दी पर है उतना ही गर्व उन माता–पिता को भी है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को समर्पित कर दिया। इसलिए यह दिन आपके परिवार के लिए भी खास है। क्योंकि उन्हें आज यह गौरव मिला है जिसका सपना उनकी आंखों में वर्षों से पल रहा था। रक्षा मंत्री ने सभी अभिभावकों का आभार जताया कि उन्होंने अपने बच्चे देश की हिफाजत के लिए भारतीय सेना को सौंप दिए हैं।

## पाक ने आतंकवाद को बना लिया अपनी राष्ट्र नीतिः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**आयोजन**

देहरादून। **संवाददाता**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद को अपनी राष्ट्र नीति बना लिया है। पाकिस्तान में चरमंपथी तत्व इतने मजबूत हैं कि राजनीति के केंद्र में बैठे लोग उनके हाथों की कठपुतलियों से ज्यादा कुछ नहीं लगते। यही कारण है कि भारतीय सुरक्षाबलों को पाकिस्तान के खिलाफ अधिक चौकन्ना रहने की जरूरत है।

दून स्थित आइएमए में आयोजित पासिंग आउट परेड



के दौरान रक्षा मंत्री ने सेना में शामिल हुए युवा सैन्य अधिकारियों से सेवा एवं शांति का संदेश दुनिया तक ले जाने को कहा। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत की कभी भी अतिरिक्त क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाएं नहीं रही हैं। भारत ने आज तक न तो दुनिया के किसी देश पर कभी आक्रमण किया है और न किसी की एक इंच भूमि पर कब्जा किया है। न ही हम किसी अन्य देश के मामले में दखल देते हैं। इसके बावजूद सीमाओं पर ऐसे खतरे मंडराते रहते हैं जहां आपको वीरता ही नहीं विवेक की भी जरूरत पड़ती है। पाकिस्तान पर हमलावर होते कहा कि वह विचित्र पड़ोसी है, सुधार के रास्ते पर चलते को तैयार नहीं है। पाकिस्तान ने हमारे साथ चार लड़ाइयां लड़ीं, पर हर बार उसे हार मिली। पर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। इसलिए हमें पाकिस्तान जैसे पड़ोसी से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ एक मल्टी प्रोम्प्ट स्ट्रेटेजी अपनाई हुई है।

## एनएच 72 पर दो अंडर पास की स्वीकृति दिए जाने पर आभार जताया



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा आईएमए से गुजर रहे एनएच 72 पर दो अंडर पास की स्वीकृति दिए जाने पर आभार व्यक्त किया। रक्षा मंत्री ने शनिवार को आईएमए के पासिंग आउट परेड में अपने संबोधन में इसकी घोषणा की थी। आईएमए से गुजर रहे एनएच 72 पर जाम की समस्या के कारण लम्बे समय से अंडर–पास की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से इसके लिए अनुरोध भी किया था। इसी क्रम में रक्षा मंत्री द्वारा अंडर–पास और इसके लिए 32.33 करोड़ रुपये की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल देहरादून की जनता को लाभ होगा बल्कि हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि दूसरे प्रदेशों से आने–जाने वाले लोगों को भी सुविधा होगी।